(भारत के राजपत्र असाधारण भाग–I खण्ड– I में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

विदेश व्यापार महानिदेशालय

सार्वजनिक सूचना सं. 43/2015–20

नई दिल्लीए दिनांकः 11 नवम्बर, 2016

विषय:– विदेश व्यापार नीति 2015–2020 के परिशिष्ट–1क में विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश में विदेश व्यापार महानिदेशालय के नए क्षेत्रीय कार्यालय को शामिल किया जाना।

विदेश व्यापार नीति 2015–2020 के पैराग्राफ 2.04 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक विदेश व्यापार एतदद्वारा विदेश व्यापार नीति 2015–20 के परिशिष्ट–1क की क्रम सं. 38(ख) में विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश में विदेश व्यापार निदेशालय (डीजीएफटी) के नए क्षेत्रीय कार्यालय को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार शामिल करते हैं :

क्र.सं.	नाम और पता	क्षेत्राधिकार
(1)	(2)	(3)
38(ख)	संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार डोर नं 55–17–2, चतुर्थ तल सी ब्लाक, सीजीओ कॉम्पलेक्स के पास इंडस्ट्रीअल स्टेट आटोनगर, विजयवाड़ा आन्ध्र प्रदेश– 520007, दूरभाष सं. 08662551479	1. कृष्णा 2. गुंटूर 3. प्रकाशम 4. नेल्लोर 5. चित्तूर 6. कुडप्पा 7. अनंतपूर 8. कुरनूल

2. **इस सार्वजनिक सूचना का प्रभाव:** विदेश व्यापार नीति 2015–20 के परिशिष्ट–1क में विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश में विदेश व्यापार महानिदेशालय के नए क्षेत्रीय कार्यालय को शामिल किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय प्राधिकरण, विशाखापट्टनम के क्षेत्रोधिकार को पूरे आंध्रप्रदेश में पुनः आवंटित किया जाता है जिसमें उन जिलों को छोड़ दिया गया है जो क्षेत्रीय प्राधिकरण, विजयवाड़ा में आते हैं।

अजय भल्ला

(अजय कुमार भल्ला)
महानिदेशक विदेश व्यापार
ई मेल : dgft@nic.in

[फा. सं. 01/93/180/28/एएम–16/पीसी–2(ख) से जारी]